# 17. समास

शब्द-समूहों को संक्षिप्त करने की प्रक्रिया समास कहलाती है। इससे भाषा में सौंदर्य आता है। शब्द निर्माण की इस प्रक्रिया में दो या दो से अधिक शब्दों के मध्य में आने वाले भाग को हटाकर एक नया शब्द बनाया जाता है, जिसे सामासिक शब्द कहते हैं तथा इस प्रक्रिया को समास कहा जाता है। सामासिक शब्दों को तोड़ना समास-विग्रह कहलाता है।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को समास के बारे में समझाएँ।
- छात्रों को शब्द समूह को संक्षिप्त करना सिखाएँ।
- बताएँ, इस प्रकार बना नया शब्द समस्तपद कहलाता है।
- समझाएँ, समस्तपद का विग्रह भी किया जाता है, जिसे समास-विग्रह कहते हैं।
- बताएँ, समस्तपद का पहला पद 'पूर्व पद' तथा बाद वाला पद 'उत्तर पद' कहलाता है।
- समास के भेदों से परिचित करवाएँ।
- पृष्ठ 148-151 से सभी भेदों के शब्दों को पढ़ें तथा समझाएँ।
- समास के भेदों का अंतर भी स्पष्ट करें।
- संधि और समास के बीच अंतर को बताते हुए समझाएँ कि संधि दो वर्णों के बीच होती है तथा समास दो शब्दों के बीच।
- सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों को समास भली-भाँति समझ आ गया है।
- अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।